प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आज रीजंसी अस्पताल का किया उद्घाटन : कहा– गरीबों के उपचार के लिये मख्यमंत्री राहत कोष से एक वर्ष में उपलब्ध कराये गये 11 सौ करोड़ रुपये।
2. अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन लखनऊ के शुभांशु शुक्ला का भारत पहुंचने पर आज नई दिल्ली हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत।
3. लखनऊ के ऐतिहासिक चारबाग रेलवे स्टेशन के सौ वर्ष पूरे : शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम।
4. भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दूसरे दिन मथुरा में धूमधाम से मनाया जा रहा है नंदोत्सव। और
5. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यूपी टी–20 लीग आज से शुरू : मेरठ मेवरिक्स और कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेला जा रहा है पहला मुकाबला।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रीजेंसो अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर बिहार तथा

नेपाल सहित क्षेत्र की लगभग 5 करोड़ आबादी के लिये स्वास्थ्य सेवाओं का एक उत्कृष्ट केन्द्र साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के उपचार के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदेश सरकार ने एक वर्ष में 11 सौ करोड़ रुपये उपलब्ध करवाये हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। बाइट......

*अकेले मुख्यमंत्री राहत कोष से एक वर्ष में मैंने 1100 करोड़ रूपये उपलब्ध करवाए हैं गरीबों के उपचार के लिए यह सुविधा पहले नहीं थी पिक–एंड–चूज होता था, चेहरा देखकर के सुविधा दी जाती थी हमने कहा कि ये नहीं प्रदेशका नागरिक है उसके पास कोई सुविधा नहीं हैं आच्छादित नहीं है जब पैसा खर्च कर चुका है आयुष्मान भारत का, उसको पैसे कीआवश्यकता है हम पैसा देंगे जनता सरकार इसीलिए हर एक गरीब के साथ खड़ी हो, वही सरकार है बिना भेदभाव के सबको यह सुविधा प्राप्त हो औरवहाँ आज सुविधा उपलब्ध हो रही है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक अन्य कार्यक्रम में खानिमपुर में टोरेंट समूह के हाईड्रोजन प्लांट का शुभारम्भ किया। इस प्लांट से प्रति वर्ष 72 टन ग्रीन हाईड्रोजन गैस का उत्पादन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा भविष्य की ऊजा है।

———————

एक्सिओम–4 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन लखनऊ के शुभांशु शुक्ला अमरीका से आज तड़के नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री

जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन के साथ उनके परिवार के लोगों ने हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र जाने वाले पहले भारतीय हैं। शुभांशु ने नासा के एक्सिओम–4 मिशन का नेतृत्व किया था। शुभांशु भारत के प्रथम अंतरिक्ष यान मिशन गगनयान के लिये चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। इसे अगले वर्ष के अंत तक प्रक्षेपित किये जाने की संभावना है।

————————

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल समान हैं, कोई पक्ष या विपक्ष नहीं। उन्होंने दोहराया कि चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और मिथ्या आरोपों से आयोग न तो डरता है और न ही मतदाता प्रभावित होते हैं। दिल्ली के राष्टीय मीडिया कंद्र में पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया बिहार में शुरू की गई। राजनीतिक दलों के आरोपों पर चिंता जताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न होंगे।

———————————

**लखनऊ के ऐतिहासिक चारबाग रेलवे स्टेशन ने अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर आज स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा और अन्य अधिकारी शामिल हुए। एक अगस्त 1925 को चारबाग रेलवे के मुख्य स्टेशन की इमारत की आधारशिला रखी गई थी। एक रिपोर्ट.....**

***लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के 100 वर्ष पूरे होने पर एक बुकलेट चारबाग एक सदी का सफर, विरासत का गौरव शीर्षक से जारी की गई। इस मौके पर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने एक वीडियो फिल्म का अनावरण किया। शताब्दी वर्ष के मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को डीआरएम ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ का चारबाग रेलवे स्टेशन अवधी और मुगल वास्तुकला का एक अद्भुत संगम है अपने भव्य कलात्मक गुंबदों के साथ आज भी यह समय की कसौटी पर खड़ा है।***

**बाइट......**

*इस बिल्डिंग के पूरा होने की अवधि को हम आज सेलिब्रेट कर रहे हैं कि 100 years इस स्टेशन के पास जाओ लगता ही नहीं है कि स्टेशन 100 साल पुराना है और आज भी उतना ही प्रासंगिक है जिस तरीके से जिस vision से इस स्टेशन को बनाया गया रहा होगा उसको really appreciate करने की जरूरत होगी कितने दूर-दृष्टि के साथ इस स्टेशन का आर्किटेक्ट सोचा इसको डेवलप किया बनाया।*

***आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।***

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दूसरे दिन आज मथुरा में गोकुल सहित सभी प्रमुख मंदिरों में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट.......

*मथुरा में आज मध्य रात्रि के बाद श्रीकृष्यण के जन्मोत्सव पर सम्पूर्ण ब्रज मंडल बधाई गीतों से गूंज उठा। शहनाई के साथ–साथ मधुर बधाईयां के बीच गोकुल में आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ नंद महल में तीन दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से शुरू हो गया है। सुबह से ही गोकुल स्थित नंद महल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण, बलराम, नंद बाबा और यशोदा मैया की शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें देश विदेश से आये लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

काशी विश्वनाथ धाम में आज तड़के अध्यात्म और भक्ति का अद्‌भुत नजारा देखने को मिला, श्रद्धालुओं ने बाबा केपावन ज्योतिर्लिंग के साथ बालरूप में लड्डू गोपाल के भी दर्शन किए। अमरोहा में कृष्ण जन्मोत्सव के बाद आज रामडोल महा आरती का भव्य आयोजन किया गया।

—————————

हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के क्रम में आज सिद्धार्थनगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल ने कहा तिरंगा यात्रा के माध्यम से जन जन में राष्ट्रभक्ति का भाव बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। श्री पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देश की जनता इस उत्सव को पूरे उमंग और उत्साह से मना रही है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नदी पुनर्जीवन अभियान को शाहजहाँपुर में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने जनसहयोग और प्रशासनिक संकल्प के साथ हकीकत में बदल दिया है। वर्षों से सूखी पड़ी भैंसी नदी अब फिर से पानी से लहलहा उठी है। करनापुर से पन्नाघाट तक फैली 35 किलोमीटर लंबी इस नदी की खुदाई का कार्य प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहभागिता से समय से पहले पूरा किया गया। बरसात आते–आते नदी अपने प्राकृतिक प्रवाह में बहने लगी। भैंसी नदी के दोनों किनारों पर 53 किलोमीटर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

—————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना अतंर्राष्ट्रीय स्टेडियम में यूपी टी–20 लीग के तीसरे संस्करण की आज से शुरूआत हो रही है। इस लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही है। लीग का फाइनल मैच 6 सितम्बर को खेला जायेगा। लोग में कुल 34 मुकाबले होंगे। आज शाम साढ़े सात बजे से लीग का पहला मुकाबला पिछले साल की चैम्पियन मेरठ मेवरिक्स और उप विजेता कानपुर सुपर स्टार के बीच होगा। यूपी टी–20 गर्वनिंग काउंसिल के अध्यक्ष डीएस चौहान ने बताया कि बाइट.....

*हम लोगों ने इस बार तकनीकि क्षेत्र में और सुधार किया है और इस बार हमने डॉब कैमेरा,फील्ड प्लेसमेंट कैमेरा इसकी भी व्यवस्था की है प्रोडक्शन में जिससे जो लोग टीवी पर या डिजिटल प्लेट्फार्म पर ये टूर्नामेंटको देखेंगे पर तो उनको एक बहुत अच्छा हियरिंग एक्सपीरियंस जोहै मिलेगा और एक रणनीतिक एक्सपीरियंस मिलेगा*।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जौनपुर के रामपुर निवासी दिव्यांग शुभलाल सरोज को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें दिव्यांगों के लिए न्यायालय, सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था से जुड़े अनेक सुझावों एवं कार्यों के लिए मिला है। उनके प्रयासों से बौनेपन को दिव्यांग सूची में शामिल किया गया। इसकी प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यकम के माध्यम से मिली।

———————————

**बारिश–बाढ़**

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बदायूं, फर्रुखाबाद, कानपुर में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, अयोध्या, बलिया और बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव कार्य जारी है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने फर्रुखाबाद में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार फसल बर्बाद होने पर किसानों को मुआवजा देगी।

उधर, गर्रा नदी में बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शाहजहांपुर में बाढ़ की स्थिति की आशंका जताई गई है। इसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।

(समाप्त)